# अटल आवासीय विद्यालयों के छात्रों की प्रतिभा आज देखेंगे सीएम योगी

## मोहनलालगंज के ग्राम सिठौली कला स्थित विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी सभी 18 मंडलों में एक साथ शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ की घोषणा करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अटल आवासीय विद्यालय के नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ करेंगे। लखनऊ के मोहनलालगंज में ग्राम सिठौली कला स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी सभी 18 मंडलों में एक साथ शैक्षणिक सत्र 2024-25 के शुभारंभ की घोषणा करेंगे। इस अवसर पर सीएम योगी इन विद्यालयों के मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी प्रदान करेंगे, जबकि प्रवेशित छात्रों को स्कूल बैग का भी वितरण करेंगे। इस दौरान सीएम योगी स्कूल के छात्रों की प्रतिभा भी देखेंगे।

सीएम के समक्ष विगत शैक्षिक सत्र में छात्रों द्वारा बनाए गए इनोवेटिव और मॉडर्न मॉडल प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें स्मार्ट डस्टबिन, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट, ऑबस्टिकल अवॉइडिंग रोबोट, कंप्यूटर मॉडल, कैलीग्राफी और आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे डिवाइस शामिल होंगे।

अटल आवासीय विद्यालय योजना उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (यूपीबीओसीडब्ल्यू बोर्ड) द्वारा संचालित की जा रही है। इसका शिलान्यास सीएम योगी द्वारा 24 जनवरी 2020 को किया गया था। इसके माध्यम से प्रदेश में मंडल स्तर पर निशुल्क आवासीय सुविधाओं से युक्त विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। प्रत्येक अटल आवासीय विद्यालय 12 से 15 एकड़ क्षेत्रफल में निर्मित है। प्रदेश में स्थापित समस्त अटल आवासीय विद्यालयों की कुल निर्माण लागत 1267 करोड़ है। योजना के तहत पात्र छात्रों को विद्यालयों में निशुल्क शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं से युक्त स्वच्छ प्रांगण उपलब्ध कराया गया है। उत्तम पौष्टिक आहार की व्यवस्था की गई है। वहीं खेलकूद की समुचित व्यवस्था के साथ ही आधुनिक उपकरणों से युक्त साइंस लैब, स्मार्ट क्लासेस और छात्र-छात्राओं के लिए परिसर में प्रशिक्षित स्टाफ सहित चिकित्सीय सुविधाएं दी जा रही हैं।

### 6480 छात्रों के लिए संचालित की जाएंगी कक्षाएं

**अटल** आवासीय विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति के माध्यम से पूर्ण की गई है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 से उत्तीर्ण होने वाले 80 विद्यार्थियों के साथ प्रति विद्यालय कुल 360 विद्यार्थियों (18 विद्यालयों के सापेक्ष कुल 5040 नए विद्यार्थियों तथा गत वर्ष कक्षा 6 से उत्तीर्ण होकर कक्षा 7 में अध्ययनरत 1424 विद्यार्थियों) के साथ कुल 6480 विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं संचालित की जानी हैं। यह अटल आवासीय विद्यालयों का दूसरा शैक्षणिक सत्र होगा। इससे पूर्व 11 सितंबर 2023 को पहले शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हुआ था। बता दें कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (यूपीबीओसीडब्ल्यू) के अंतर्गत संचालित किए जा रहे इन विद्यालयों को योगी सरकार ने 1000 बच्चों की आवासीय क्षमता से लैस करते हुए निर्मित कराया है।

# अवैध धर्मांतरण के मामले में मौलाना कलीम व मो. उमर गौतम समेत 12 आरोपियों को आजीवन कारावास

● चार आरोपियों को 10 वर्ष की सजा, सभी 16 आरोपियों पर लाखों रुपए का जुर्माना



विधि संवाददाता। लखनऊ

**अवैध** धर्मांतरण के मामले में दोषी करार दिए गए मौलाना कलीम सिद्दीकी व मो. उमर गौतम समेत 12 आरोपियों को एनआईए की विशेष अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इनमें अन्य 10 आरोपी इरफान शेख उर्फ इरफान खान, सलाउद्दीन जैनुद्दीन शेख, प्रसाद रामेश्वर कावड़े उर्फ आदम, अर्सलान मुस्तफा उर्फ भुप्रिय बंदो, कौशर आलम, डॉ फराज बाबुल्लाह शाह, धीरज गोविंद राव जगताप, सरफराज अली जाफरी, काजी जहांगीर व अब्दुल्ला उमर हैं। इनमें दो आरोपी मो. उमर गौतम व अब्दुल्ला उमर पर अलग अलग एक लाख 85 हजार रुपए जबकि अन्य आरोपियों पर अलग अलग एक लाख 60 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने इस मामले के चार अन्य आरोपी मो. सलीम, राहुल भोला, मन्नू यादव व कुणाल अशोक चौधरी को 10 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही इन पर अलग अलग एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इस दौरान सभी आरोपी भारी सुरक्षा के बीच जेल से विशेष अदालत में उपस्थित थे। सूबे में अवैध धर्मांतरण के मामले में यह पहली सजा है। बीते मंगलवार को विशेष अदालत इन्हें दोषी करार दिया था।

### इन आरोपों में सुनाई गई है सजा

**इनमें** आजीवन कारावास की सजा पाए 12 आरोपियों को आईपीसी की धारा 417, 120बी, 121ए, 123, 153ए, 153बी, 295ए व धारा 298 के साथ ही उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 5/8 जबकि दो आरोपी उमर गौतम व अब्दुल्ला उमर को एफसीआरए की धारा 35 के तहत भी दंडित किया गया है। वहीं 10 वर्ष की सजा पाए चार आरोपियों को आईपीसी की धारा 121ए व 123 तथा एफसीआरए की धारा 35 छोड़कर शेष सभी धाराओं के तहत सजा सुनाई गई है।

### देश के विभिन्न इलाकों से हुए थे गिरफ्तार

**एटीएस** ने इन आरोपियों को देश के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार किया था। यह सभी जमानत पर रिहा थे। 20 जून, 2021 को इस मामले की एफआईआर थाना एटीएस में उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने दर्ज कराई थी।

### आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं व दिव्यांगजनों का कराते थे धर्मांतरण

**विशेष** लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक आरोपियों द्वारा एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, विद्वेष तथा नफरत फैलाकर देशव्यापी अवैध धर्मांतरण गिरोह का संचालन किया जा रहा था। इनके तार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जुड़े हैं। इसके लिए इन्हें विदेशों से हवाला के जरिए रकम भेजी जा रही थी। इनके द्वारा आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं व दिव्यांगजनों को बहला-फुसलाकर व अनुचित दबाव डालकर एक आर्गनिक मैकेनिज्म के तहत जनसंख्या संतुलन बदलने के लिए बड़े पैमाने पर धर्मांतरण किया जा रहा था। ये धर्म विशेष के लोगों को मृत्यु के बाद की दुनिया में जहन्नुम की आग जैसी अवधारणाओं का हवाला देकर भयभीत भी करते थे। इनका उद्देश्य देश में शरीयत आधारित सरकार की व्यवस्था कायम करना था।

# गर्भाशय में ही दो बार भ्रूण को रक्त चढ़ा कर दिया जीवन



● केजीएमयू में हुआ पहला फिटल ब्लड ट्रांसफ्यूशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की फिट्ल मेडिसिन यूनिट ने पहली बार गर्भास्थ शिशु को माँ के पेट से खून चढ़ाकर बड़ी कामयाबी हासिल की है। मेडिकल में इंट्रआयूटिराइन ट्रांसफ्यूजन कहलाने वाले इस प्रोसिजर में अल्ट्रासाउंड की मदद से सुई के ज़रिये गर्भाश्य में ही भ्रूण को रक्त चढ़ाया जाता है।

डॉ सीमा मेहरोत्रा ने बताया की प्रसूता को सात माह के गर्भवती होने पर भ्रूण में खून की कमी पाये जाने पर कानपुर से रेफर किया गया था। केस हिस्ट्री स्टडी करने पर पता चला कि महिला पूर्व में दो बार गर्भवती हुई थी और इस बार लाल रक्त कोशिका एलोइम्युनाइज़ेशन की शिकार हुई। जिसके बाद गर्भाशय में भ्रूण को दो बार रक्त चढ़ा कर 35 हफ्ते में सिज़रियन द्वारा 3 किलो के बच्चे की डिलीवरी करायी गई। यह कार्य प्रसूति रोग विभाग में डॉ सीमा महरोत्रा के नेतृत्व में डॉ नम्रता, डॉ मंजूलता वर्मा, रैडियोलॉजी विभाग के डॉ सौरभ, डॉ सिद्धार्थ,पीडियाट्रिक्स विभाग से डॉ हरकीरत कौर, डॉ श्रुति और डॉ ख्याति की टीम द्वारा चिकित्सा प्रक्रिया को पूरा किया गया। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ तूलिका चंद्रा द्वारा ओ निगेटिव ब्लड उपलब्ध कराया गया। विभागाध्यक्ष डॉ अंजु अग्रवाल ने बताया कि क्वीन मैरी हास्पिटल भ्रूण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रहा है और अब हमने आरएच-आइसोइम्युनाइज़ेशन ग़र्भावस्था के उपचार में सफलता प्राप्त की है।

डॉ नम्रता ने बताया कि मां-बाप के ब्लड आरएच विपरीत होने पर स्थिति बनती है। नवजात की मां का ब्लड ग्रुप नेगेटिव और पिता के ब्लड आरएच पॉजिटिव होने के कारण भी यह स्थिति बनती है। डॉ नम्रता के अनुसार, इस विपरीत रक्त समूह के कारण, भ्रूण आरएच पॉजिटिव हो सकता है और मां में एंटीबॉडी विकसित होते हैं और ये एंटीबॉडी प्लेसेंटा को पार करते हैं और भ्रूण के आरबीसी को नष्ठ कर देते है। धीरे धीरे ये भ्रूण में एनीमिया का कारण बनते हैं। ऐसी स्थिति में पूरे भ्रूण में सूजन आ जाती है। ऐसे मामलों में गर्भाशय में ही भ्रूण की मृत्यु हो जाती है। डॉ मंजुलता वर्मा ने बताया कि अमूमन हजार से बारह सौ प्रसूताओं में किसी एक को इसक गंभीर खतरा होता है, लेकिन ट्रांसफ्युजन से इसको रोका जा सकता है। संस्थान की कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद ने पूरी टीम को सफल उपचार के लिए बधाई दी।

# महंत नृत्य गोपाल दास की सेहत में सुधार, डिस्चार्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मेदांता** अस्पताल लखनऊ में भर्ती अयोध्या के महंत नृत्य गोपाल दास के सेहत में सुधार होने पर बुधवार को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। नृत्य गोपाल दास चार दिनों से मेदांता अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें यूरिनरी इंफेक्शन, सेप्टीसीमिया के खतरे के अलावा मुंह के रास्ते कम आहार लेने की समस्या थी। साथ ही बेहोश के दौरे भी आ रहे थे।

अयोध्या के महंत नृत्य गोपाल दास को बीते 8 सितंबर की शाम 6.30 बजे मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें मूत्र मार्ग (यूरिन ट्रैक) में संक्रमण की समस्या हो रही थी। मुंह से खाना निगलने में भी उन्हें दिक्कत हो रही थी। इस कारण शरीर निढाल हो गया था। मेदांता अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने उन्हें आईसीयू में भर्ती किया। इलाज से दूसरे दिन से ही उनकी सेहत में काफी सुधार होने लगा। महंत आहार ग्रहण करने लगे। वह शिष्यों व शुभचिंतकों से बात करने लगे। मेदांता अस्पताल के इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के निदेशक डॉ. दिलीप दूबे व क्रिटिकल केयर के सीनियर कंसल्टेंट व इंचार्ज डॉ. पुष्पेन्द्र सांगवान ने बताया कि बीते आठ सितंबर को महंत नृत्यगोपाल दास जी को बेहद नाजुक हालत में मध्यप्रदेश के ग्वालियर से लाया गया। यूरिन ट्रैक में संक्रमण बढ़ रहा था। सेप्टीसिमिया का खतरा बढ़ रहा था। रात में ही आईसीयू में एक्सपर्ट की निगरानी में उन्हें रखा गया। इलाज शुरू हुआ। दो दिन में ही वह खतरे से बाहर आ गए।

मंगलवार को उन्हें आईसीयू से बाहर निकाला गया। अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्हें आज डिस्चार्ज कर दिया गया। बता दें कि इससे पूर्व भी महंत पांच बार मेदांता अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं।

# बैडमिंटन में वीसी 11 ने आई ई टी 11 को हराया

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह सात मई 2024 से आठ मई 2025 तक मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के तीसरे दिन बैडमिंटन के पुरुष एवं महिला के डबल्स मैच आयोजित किए गए। इसमें वीसी 11 पुरुष टीम ने आई ई टी 11 को हरा दिया। इसी तरह रजिस्टर 11 पुरुष टीम ने उप कुलसचिव डॉ आर के सिंह के जबरदस्त खेल प्रदर्शन से डीन 11 को पराजित कर दिया। इसी तरह महिला डबल्स में आई ई टी 11 कैश 11 को मात दी। जबकि रजिस्ट्रार 11 वीसी 11 पर भारी पड़ा। इसके अलावा पुरुष डबल्स के एक अन्य मैच में एफ ओ 11 ने सी ई ओ 11 को हरा दिया। वही एफओए पी 11 ने पुरुष डबल्स के मुकाबले में कैश 11 को हराया। माननीय कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के शिक्षक अधिकारी कर्मचारी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

# मरीज देखता रहा मोबाइल, डॉक्टरों ने दिमाग से हटा दिया ट्यूमर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चक** गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के डॉक्टरों ने मरीज के मोबाइल देखते-देखते उसके दिमाग में पनपे ट्यूमर का ऑपरेशन कर हटा दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ देवाशीष शुक्ला ने बताया कि लखनऊ निवासी हरीशंकर प्रजापति (56) को तेज सिरदर्द की शिकायत हुई। बाएं हाथ व पैर में कमजोरी आ गई। आनन-फानन परिवारीजन मरीज को लेकर निजी अस्पताल गए। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मरीज के दिमाग में ट्यूमर होने की पुष्टि की। इसके साथ ही ट्यूमर की सर्जरी के बाद लकवा का जोखिम बताया। परिवारीजन मरीज को लेकर कल्याण सिंह कैंसर संस्थान पहुंचे। डॉ शुक्ला ने बताया कि न्यूरो सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र कुमार ने मरीज को देखा। उन्होंने मरीज का नयी तकनीक अवेक क्रैनियोटोमी से ऑपरेशन करने का फैसला किया। इस तकनीक से सर्जरी करने में मरीज को बेहोशी देने के बजाए ऑपरेशन वाले हिस्से को केवल सुन्न किया जाता है। इस तकनीक से ऑपरेशन करने से हाथ व पैर की नसों को बचाया जा सकता है। मरीज व परिवार से सहमति मिलने के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दौरान मरीज अपने हाथ व पैर का इस्तेमाल करता रहा। उसने ऑपरेशन के दौरान मोबाइल फोन देखा। पेन पकड़ा, पैरों को भी हिलाता रहा। डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि ऑपरेशन में नर्व मॉनिटरिंग मशीन से पूरे दिमाग की मैपिंग की गई थी। इससे हाथ व पैर की नसों को बचाकर ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया।

### सर्जरी में इनका रहा योगदान

**डॉ.** विजेन्द्र कुमार, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. विपिन साहू, रेजिडेंट डॉ. अंजनी सिंह रहे। एनस्थीसिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. असिम रशीद, डॉ. रुचि सक्सेना, सीनियर रेजिडेन्ट डॉ. श्रुति ने ऑपरेशन में सहयोग दिया। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने इस सफल सर्जरी के लिए न्यूरोसर्जरी टीम को बधाई दी है।

# सीलिएक मरीज करें ग्लूटेन मुक्त आहार का उपयोग



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** पोषण माह के अंतर्गत एसजीपीजीआईएमएस के पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग द्वारा मधुमेह से ग्रसित बच्चों में सीलिएक रोग से संबंधित एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो आर के धीमन, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक एंडोक्रिनोलॉजी विजयलक्ष्मी भाटिया, विभागाध्यक्ष गैस्ट्रोएंटरोलॉजी प्रोफेसर प्रवीर राय, प्रोफेसर समीर मोहिंद्रा और विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी प्रोफेसर उज्जल पोद्दार, प्रो अंशु श्रीवास्तव, प्रो एल के भारती और डॉ मोइनक सेन शर्मा उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर निदेशक ने अन्य संकाय सदस्यों के साथ पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग द्वारा एवं पीडियाट्रिक एंडोक्रिनोलॉजी से प्रो विजयलक्ष्मी भाटिया के सलाह से मधुमेह से ग्रसित सीलिएक मरीजों के लिए खान पान से सम्बंधित सुझाव पर एक पुस्तिका जारी की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. धीमन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सीलिएक रोग के साथ मधुमेह के रोगी गेहूं और जौ से बने खाद्य पदार्थों और खाद्य उत्पादों से परहेज करके पूरी तरह स्वस्थ रहते हैं और मधुमेह के लिए आहार संबंधी सावधानियां भी बरतते हैं। इससे रोगियों का संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित होता है और बच्चे का विकास इष्टतम होता है। प्रो. विजयलक्ष्मी भाटिया ने महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि आउटरीच कार्यक्रमों के रूप में बीमारी से सम्बंधित जागरूकता बहुत मददगार है और यह रोगियों के लिए बहुत उत्साहजनक है। विभागाध्यक्ष प्रो. उज्वल पोद्दार ने कहा कि सीलिएक रोग के साथ मधुमेह का आहार प्रबंधन बहुत जटिल है और इसके लिए विशेष प्रबंधन की आवश्यकता है, इसलिए यह पुस्तक रोगियों के इस समूह के लिए बहुत उपयोगी होगी। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के प्रो. एवं विभागाध्यक्ष प्रवीर राय ने कहा कि प्रत्येक विभाग में रोग विशेष से सम्बंधित और पुस्तिकाओं की आवश्यकता है ताकि रोगी आहार परामर्श बेहतर हो और रोगी घर पर सभी निर्देशों को आसानी से पढ़ सकें। प्रो. अंशु श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक सीलिएक मरीज को पूरी लगन के साथ ग्लूटेन मुक्त आहार का उपयोग करना चाहिए और आहार विशेषज्ञ द्वारा बताई गई मधुमेह के लिए सभी आहार सम्बंधित सावधानियों का भी पालन करना चाहिए। प्रो. समीर मोहिंद्रा ने कहा कि यह पुस्तिका सीलिएक रोग के साथ मधुमेह के रोगियों के लेए बहुत उपयोगी साबित होगी। डॉ. एम. एस.शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि सीलिएक रोग के साथ मधुमेह के रोगियों की बेहतर देखभाल के लिए विभाग में इस पुस्तिका की आवश्यकता थी। संस्थान के पेशेंट किचन और आहार सेवाओं के नोडल अधिकारी प्रो. एल. के. भारती ने कहा कि यह पुस्तिका इन विशेष रोगियों के समूह के लिए बहुत उपयोगी होगी। पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की आहार विशेषज्ञ नीलू ने इस जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुत योगदान दिया।

# मरीज के पेट में बाईं तरफ पित्त की थैली से पथरी निकाल कर दिया नया जीवन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डॉक्टर** राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने मंगलवार को एक महिला मरीज के पेट में बाई तरफ मौजूद पित्त की थैली से पथरी निकाल कर नया जीवन दिया है। जबकि सामान्यतया पित्त की थैली पेट में दाहिनी तरफ़ लीवर के नीचे होती है। जन्मजात रूप से पायी जाने वाली यह स्थिति चिकित्सा विज्ञान में साइटस इनवर्सस टोटलिस के नाम से जानी जाती है, जो कि वैश्विक स्तर पर 10, हज़ार में से केवल एक व्यक्ति को होता है।

मिशन पूरा हरदोई निवासी 36 वर्षीय किरन यादव लंबे समय से पेट में बाई तरफ़ दर्द से पीड़ित थी। जिसका उन्होंने कई जगह इलाज कराया। किंतु दर्द से उन्हें निजात नहीं मिली। जिसके निदान हेतु उन्होने प्रोफ़ेसर विकास सिंह को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के सर्जरी विभाग में दिखाया। मरीज़ के जाँच करने के उपरांत पता चला कि मरीज़ के पेट में बायीं तरफ़ पित्त की थैली है, जिसमें पथरियाँ बन गई है। सामान्यतया पित्त की थैली पेट में दाहिनी तरफ़ से लीवर के नीचे होती है। मरीज़ में सामान्यत: बाएं पाए जाने वाले सभी अंग दाहिनी तरफ़ मिले एवं दाहिने पाए जाने वाले सभी अंग बायीं तरफ़ मिले। जिसकी पुष्टि सीटी स्कैन करवाकर भी की गई। इस प्रकार अंगों की बदली हुई स्थिति की परंपरागत तरीक़े से स्थापित सर्जरी की विधियों को और जटिल बनाती है। मरीज़ की उम्र को देखते हुए डॉक्टर विकास सिंह ने नाभि के रास्ते परम्परागत दूरबीन के उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए केवल एक चीरे से ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। जिसके फलस्वरूप मरीज़ के पेट पर कोई भी निशान बाक़ी नहीं रह जाता। ऑपरेशन के दौरान यह भी पाया गया कि मरीज़ की पित्त की थैली को खून पहुँचाने वाली धमनी के रूप में भी परिवर्तन है। जिसमें बड़ी ही कुशलता से ऑपरेशन किया गया।

पारंपरिक दूरबीन उपकरणों का प्रयोग कर एक छिद्र से ऑपरेशन करने में प्रोफ़ेसर विकास सिंह को विशिष्ट कौशल प्राप्त है।

# मौसम में बदलाव दे रहा डायरिया को दस्तक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बारिश** का मौसम शुरू होते ही अनेक प्रकार की बीमारियों की भी शुरुआत हो जाती है। जिसमें एक है डायरिया जो पेट में संक्रमण के कारण होता है। अमूमन दस्त लगना एक आम बात है, लेकिन यदि स्थिति गंभीर है तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, विशेष रूप से बच्चों में क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता वयस्कों की अपेक्षा कम होती है। यदि दस्त संक्रमण के कारण होता है तो बच्चे में मतली, उल्टी, वजन कम होना, बुखार और खाने की इच्छा न होने जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।

राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता बताते हैं कि बारिश के दिनों में आस-पास पानी जमने से वायरल, बैक्टीरियल और पैरासिटिक इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में किसी को भी डायरिया हो सकता है। यह दूषित भोजन और पानी के माध्यम से फैलता है। इस मौसम में रोगाणु अधिक आसानी से और तेजी से बढ़ते हैं। बच्चों में इसका एक कारण रोटावायरस भी होता है। यह विषाणु बच्चों की अंतड़ियों को संक्रमित कर आंत की अंदरूनी परत को क्षतिग्रस्त कर देता है जिससे बच्चे बार-बार मल त्यागते हैं और उल्टी भी करते हैं। इसके लिए जरुरी है कि बच्चों को समय पर रोटावायरस से बचाव का टीका लगवा देना चाहिए। डायरिया संक्रमण में सबसे बड़ी समस्या निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) है। ऐसा तब होता है जब दस्त या उल्टी की वजह से बॉडी से तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स ख़त्म हो जाते हैं, और इसके संतुलन के लिए पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन नही किया जाता। बच्चों में डिहाइड्रेशन की समस्या ख़तरनाक हो सकती है। डॉ. गुप्ता बताते हैं कि डायरिया होने के समय प्राथमिक उपचार जैसे ओआरएस घोल, हल्का खाना आदि से बच्चे एक हफ्ते में ठीक हो जाते हैं। उपचार के साथ ही उनके आहार पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।

### बच्चों को समय से लगवाएं रोटावायरस का टीकाकरण

**डायरिया** से शिशु को पूरी तरह से सुरक्षित रखने के लिए रोटावायरस की वैक्सीन की दो खुराक की ज़रूरत होती है। पहली खुराक बच्चे के 15 सप्ताह का होने से पहले तथा दूसरी खुराक 25 सप्ताह का होने से पहले दी जानी जाती है। प्रदेश में वर्ष 2023-24 में 56,20,986 लगभग 98 प्रतिशत बच्चों को रोटावायरस 1 का टीका लगाया गया। वही इस वर्ष जुलाई तक 17,56,789 लगभग 91 प्रतिशत बच्चों को रोटा वायरस 1 का टीका लग चुका है।

### डिहाइड्रेशन के लक्षणों के प्रति सतर्क रहे

**बार** बार प्यास लगना, पेशाब की कमी या गहरे रंग का पेशाब आना, मल की कमी या कठोर, सूखा मल, कमज़ोरी या अस्वस्थता, धंसी हुई आंखें, बिना आँसू के रोना, निर्जलीकरण सिरदर्द, सूखे होठ और जीभ।

# आपदा के गर्भ से निकली पीएम स्वनिधि योजना सृजन का पर्याय बनी: एके शर्मा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएम** स्वनिधि योजना स्ट्रीट वेंडर्स व छोटे उद्यमियों के लिए वरदान साबित हुई है। आज इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों पथ विक्रेताओं की आजीविका के स्तर में सुधार हुआ है। जब पूरी दुनिया कोरोना के कहर का सामना कर रही थी और हमारे देश में छोटे-छोटे रोजगार करने वालों के सामने रोजी-रोटी समस्या उत्पन्न हो गई थी तब देश के प्रधानमंत्री ने जून 2020 को पीएम स्वनिधि योजना का शुभारंभ किया। आपदा के गर्भ से निकली यह योजना आज सृजन का पर्याय बन गई है। उक्त बातें आज नगरीय निकाय निदेशालय के विशाखा सभागार में प्रेज पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबंधोन में अरविंद कुमार शर्मा मंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, ऊर्जा एवं ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उत्तर प्रदेश ने कही।

नगरीय निकाय निदेशालय के विशाखा सभागार में आज पीएम स्वनिधि योजना की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों व बैंकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में निदेशक सूडा ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना में प्रदेश ने देश में सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका में सुधार करने के लिए विभाग द्वारा योजना का क्रियान्वयन पूरी निष्ठा, ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है।

## ये हुए पुरस्कृत

**राष्ट्रीय** स्तर पर ऋण वितरण में मेगा एंड मिलियन प्लस सिटीज श्रेणी में नगर निगम लखनऊ, मेजर सिटीज श्रेणी में नगर निगम गोरखपुर, नगर निगम बरेली, नगर निगम झांसी, नगर निगम मुरादाबाद व टाउन श्रेणी में नगर पंचायत बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ और नगर पंचायत हाटा जनपद कुशीनगर को प्रेज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य स्तर पर ऋण वितरण में मेगा एंड मिलियन प्लस सिटीज श्रेणी में नगर निगम लखनऊ व नगर निगम गाजियाबाद, मेजर सिटीज श्रेणी में नगर निगम गोरखपुर, बरेली म्यूनसिपल कॉरपोरेशन व नगर निगम झांसी शामिल रहे। टाउन श्रेणी में नगर पालिका परिषद नवाबगंज जनपद बाराबंकी, नगर पंचायत बिलारियागंज टाउन जनपद आजमगढ़, नगर पंचायत हाटा जनपद कुशीनगर, नगर पालिका परिषद पडरौना जनपद जनपद कुशीनगर, नगर पालिका परिषद पिलखुआ जनपद हापुड़, नगर पालिका परिषद कथौली जनपद मुजफ्फनगर, नगर पालिका परिषद बेला प्रतापगढ़ जनपद प्रतापगढ़, नगर पालिका परिषद बलरामपुर जनपद बलरामपुर, नगर पंचायत अनपरा जनपद सोनभद्र व नगर पालिका परिषद भरवारी जनपद कौशम्बी को पुरस्कृत किया गया। स्वनिधि से समृद्धि की श्रेणी में मेगा एंड मिलियन प्लस सिटीज श्रेणी में नगर निगम वाराणसी, मेजर सिटीज श्रेणी में नगर निगम झांसी, नगर निगम शाहजहांपुर व टाउन श्रेणी में नगर पंचायत सराय अकील जनपद कौशाम्बी, नगर पंचायत करारी जनपद कौशाम्बी व नगर पालिका परिषद सिंकदराराऊ जनपद हाथरस को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट परफॉरमिंग लीडिंग इंस्ट्रीटयूशनस श्रेणी में एसबीआई व पंजाब नेशनल बैंक तथा दूसरे बेस्ट पर्फारमिंग लीडिंग इंस्ट्रीटयूशनस श्रेणी में बड़ौदा यूपी बैंक को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, एसबीआई व यूको बैंक की विभिन्न शाखाओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

# कैश वैन के गार्ड की हत्या कर हुई लाखों रुपए की लूट की घटना का खुलासा

● एसटीएफ ने वारदात में शामिल बिहार के कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एक** साल पहले मिर्जापुर में कैश वैन के गार्ड की हत्या कर और दो कर्मियों को घायल कर हुई 40 लाख से अधिक की लूट की घटना का एसटीएफ ने खुलासा किया है। घटना में शामिल कुख्यात लुटेरे राजीव कुमार साहनी उर्फ मुन्ना को एसटीएफ ने कोतवाली कटरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पीरापुर, थाना जन्दहा, जनपद वैशाली, बिहार निवासी मुन्ना के कब्जे से लूटे गए 1 लाख 93 हजार रुपए भी बरामद हुए।

लूट की यह वारदता 12 सिंतबर 2023 को मिर्जापुर के मुख्य बाजार में दिनदहाड़े उस वक्त हुई थी जब रेडिएंट कम्पनी कैश डिलिवरी वैन से कस्टोडियन अखिलेश कुमार, रजनीश मौर्य, सुरक्षा गार्ड जय सिंह के साथ कस्बा बेल्सर स्थित एक्सिस बैंक एटीएम में कैश भरने आए थे। इसी दौरान कैश वैन का गेट खोलते समय 2 बाइक पर सवार 4 अज्ञात बदमाश बैंक कर्मियों पर फायरिंग करते हुए कैश वैन से 4079162 कैश लूटकर फरार हो गए थे। सुरक्षा गार्ड जय सिंह की गोली लगने से मृत्यु हो गई तथा कैश वैन कर्मी अखिलेश कुमार एवं रजनीश बुरी तरह से हुए थे। इस घटना के संबंध में दर्ज मुकदमे की विवेचना बाद में एसटीएफ को सौंप दी गई थी।

विवेचना से प्रथम दृष्टया यह तथ्य प्रकाश में आया कि उक्त घटना को जनपद वैशाली (बिहार) के आलोक कुमार उर्फ अम्बानी गिरोह द्वारा किया गया है। जिस पर एसटीएफ वाराणसी की टीम आलोक कुमार उर्फ अम्बानी तथा इसके गिरोह के संदिग्ध अपराधियों के संबंध में वैशाली (बिहार) में धरातलीय अभिसूचना संकलन की कार्यवाही कर रही थी। राजीव कुमार साहनी उर्फ मुन्ना ने पूछताछ के दौरान अपने गिरोह के आलोक कुमार उर्फ अम्बानी, आनन्द मोहन तथा अमन कुमार के साथ उक्त घटना को अंजाम दिये जाने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि लूट की घटना के बाद आलोक कुमार उर्फ अम्बानी ने 2.50 लाख दिए थे, शेष 05 लाख रुपए बाद में देने की बात कहा था। अभी कुछ दिन पहले उसने लूट का उसके हिस्से का बाद का शेष 5 लाख रुपए दिया था, जिसमें से कुछ खर्च हो गया है। मेरे पास से जो पैसा मिला है, यह उसी लूट शेष बचा पैसा है। अब तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आलोक कुमार उर्फ अम्बानी वैशाली (बिहार) का एक कुख्यात अपराधी है तथा इसका अपना एक गिरोह है। आलोक कुमार उर्फ अम्बानी के पास से जनपद समस्तीपुर (बिहार) में एके-47, कारबाइन व पिस्टल बरामद हुआ था। इसके द्वारा बिहार में एक अपने गिरोह के साथ मिलकर सनसनीखेज तरीके से ब्लॉक प्रमुख की हत्या की गयी तथा बिहार के जनपद समस्तीपुर एवं मुजफ्फरपुर में लूट/बैंक लूट की घटनाओं का अंजाम दिया गया था।

# बलरामपुर में हुई डकैती की घटना में वांछित ईनामी अपराधी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जनपद** बलरामपुर में हुई डकैती की घटना में वांछित 50 हजार के ईनामी अपराधी राहुल गुप्ता को एसटीएफ ने महाराष्ट्र को कोल्हापुर से गिरफ्तार किया। राहुल ग्राम महतिनीया, थाना भवानीगंज, सिद्धार्थनगर का रहने वाला है। छानबीन के दौरान एसटीएफ को जानकारी मिली कि थाना रेहरा बाजार, जनपद बलरामपुर में पड़ी डकैती में शामिल अपराधी राहुल गुप्ता महाराष्ट्र में रह रहा है। इस जानकारी के बाद एसटीएफ की एक टीम वहां रवाना की गई। टीम ने कोल्हापुर पहुंचकर स्थानीय स्तर पर अभिसूचना संकलन के उपरान्त वांछित अभियुक्त राहुल गुप्ता के कस्बा बावड़ा, सुगरमील चौक, बस स्टाप के पास होने की सूचना पर क्राइम ब्रान्च कोल्हापुर के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया। राहुल ने पूछताछ पर बताया कि उसका एक गिरोह है, जो पिछले कई वर्षों से चोरी, लूट, डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम देता है। घटनाओं से प्राप्त पैसे आपस में बांट लेते है तथा सामानों को कुछ समय बाद बेचकर उसका भी पैसा आपस में बांट लेते है। 5 सितंबर 2022 की सुबह जनपद बलरामपुर के रेहरा बाजार स्थित एक जनसेवा केन्द्र के खुलते ही अपने साथी रमेश, सुभाष, डाक्टर एवं एक अन्य (डाक्टर का साथी) के साथ मिलकर उक्त जनसेवा केन्द्र में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। जहां से प्राप्त पैसा आपस में बांट लिया था। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना रेहरा बाजार में अभियोग पंजीकृत होने के उपरान्त बलरामपुर से भागकर मुम्बई चला गया था और वही पर छिपकर रह रहा था। इस घटना में शामिल सभी अभियुक्तों को स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। एसटीएफ के अनुसर गिरफ्तार अभियुक्त को गिरफ्तार अभियुक्त को थाना शाहुपुरी, जनपद कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में दाखिल करके 11 सितंबर 2024 को न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायालय कोल्हापुर के समक्ष पेश कर 4 दिन का ट्राजिंस्ट रिमाण्ड प्राप्त किया गया। ट्रांजिट रिमांड पर अभियुक्त को जनपद बलरामपुर लाया जा रहा है।

# अपेक्षित परिणाम न देने पर रुकेगा अधिकारियों का वेतन: धर्मपाल सिंह

● दुग्ध विकास मंत्री ने की पीसीडीएफ इकाईयों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दुग्ध** विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पीसीडीएफ कार्यालय में प्रदेश के सभी 19 दुग्ध संघों एवं पीसीडीएफ इकाईयों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी।

बैठक में सिंह ने दुग्ध संघों के महाप्रबंधकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसानों को दुग्ध मूल्य का भुगतान एक माह के अंतराल पर प्रत्येक स्थिति में प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। दुग्ध संघों द्वारा सुनियोजित प्रबंधन कार्य करते हुए अन्य खर्चों में कटौती की जाए और मितव्ययिता के दृष्टिगत सौर ऊर्जा का उपयोग इकाई के संचालन हेतु किया जाए। उन्होंने कहा कि पराग द्वारा डिस्ट्रीब्यूशन चैनल को मजबूत किया जाए और पराग मिल्क बूथों की संख्या बढ़ाई जाए। बूथ ऐसी जगह स्थापित किये जाए जहां पराग के उत्पाद सर्व सुलभ हो सके। मार्केटिंग स्ट्रेटजी पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# बंथरा क्षेत्र के 10 गावों में लगेंगी 100 सोलर लाइट: डॉ. राजेश्वर सिंह

● कौशल किशोर संग राजेश्वर सिंह ने की चाय पे चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बुधवार को विभिन्न क्षेत्रीय कार्यक्रमों में सहभागिता की। डॉ. सिंह ने महिला मोर्चा मंडल मंत्री, गढ़ी चुनौटी निवासी पूनम सिंह के पति के अस्वस्थ होने की सूचना पर उनके आवास पहुंच कर कुशलक्षेम जाना एवं संभव आर्थिक सहयोग राशि उपलब्ध कराई। साथ ही उनके मेधावी बेटे युवराज सिंह को लैपटॉप प्रदान कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने गढ़ी चुनौटी निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम गोपाल सिंह पर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह गढ़ी चुनौटी स्थित चांदे बाबा ताल के पास रह रहे ग्रामीणों से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएँ जानीं और उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी नागरिक को कोई असुविधा न होने पाए इसके लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता भी की जायेगी। डॉ. सिंह रहीमनगर पड़ियाना में आयोजित राधा कृष्ण मेले में पहुंचे, जहाँ पूर्व केंद्रीय मंत्री और मोहनलालगंज से पूर्व सांसद कौशल किशोर भी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक ने मेलों को भारतीय समाज की अमूल्य धरोहर और सांस्कृतिक पहचान बताया। डॉ, सिंह ने संस्कृति को जीवंतता प्रदान करने और राधा कृष्ण मेले के आयोजन के लिए आशू शुक्ला (भाजपा ज़िलामंत्री) व कमल किशोर शुक्ला प्रबंधक मेला आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।



### पूर्व केंद्रीय मंत्री के साथ की चाय पे चर्चा

**क्षेत्रीय** कार्यक्रमों में सहभागिता के दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर और सरोजनी नगर के भाजपा नेताओं के साथ बूथ संख्या 283 के अंतर्गत कटी बगिया तिराहा स्थित राधा स्वीट हाउस पर चाय पे चर्चा की। इस दौरान भाजपा सदस्यता अभियान को गति प्रदान किये जाने पर विचार-विमर्श किया गया। विधायक ने बंथरा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाए जाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से वार्ता की व बंथरा क्षेत्र के 10 गावों में यथाशीघ्र 100 सोलर लाइट लगवाकर मार्ग प्रकाश व्यवस्था अधिक सुदृढ़ कराये जाने की घोषणा की।

# रिटायर्ड चिकित्साधिकारियों को सैद्धांतिक प्रोन्नति देने का आदेश

● इनमें कुछ की सेवानिवृत्ति के हो चुके हैं 15 से 21 वर्ष

विधि संवाददाता। लखनऊ

**रिटायर्ड** चिकित्साधिकारियों की प्रोन्नति से सम्बंधित याचिकाओं पर निर्णय सुनाते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह याचिकाकर्ता चिकित्साधिकारियों को सैद्धांतिक प्रोन्नति (नोशनल प्रमोशन) देते हुए उनके वेतन को दोबारा निर्धारित कर बकाए वेतन का भुगतान करें। पीठ ने कहा है कि यह कार्यवाही तीन माह में पूरी कर ली जाए। साथ ही इसी क्रम में उन्हें पेंशन, रिटायरल ड्यूजव ग्रेच्युटी उपलब्ध कराई जाए। पीठ ने ताकीद भी किया है कि यदि यह कार्यवाही तीन माह में पूरी नहीं की जाती है तो याचिकाकर्ताओं को छह प्रतिशत ब्याज की दर से भुगतान करना होगा। जस्टिस इरशाद अली की एकल पीठ ने यह आदेश डॉ. विनोद चंद्र जैन व अन्य, डॉ. फरीद इकबाल जुबेरीव व अन्य तथा डॉ. महेश कुमार गुप्ता व अन्य की ओर से दाखिल याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। वर्ष 2019 व 2020 में यह याचिकाएं दाखिल की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा डॉ. चंद्र प्रकाश मामले में दिए गए फैसले के आलोक में नोशनल प्रमोशन देने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं में से ज्यादातर को सेवानिवृत्त हुए 15 से 21 वर्ष हो चुके हैं। इन्होंने सरकार के वर्ष 2005 व 2018 के आदेशों को भी चुनौती दी थी। इसमें उन्हें नोशनल प्रमोशन देने से इंकार करते हुए कहा गया था कि उन्हें सभी लाभ पूर्व में ही दिये जा चुके हैं। पीठ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा डॉ. चंद्रप्रकाश के मामले में दिये गए फैसले के आलोक में पारित अपने निर्णय में पाया कि याचिकाकर्ताओं को नोशनल प्रमोशन का अधिकार है। पीठ ने सरकार को उन्हें अपर निदेशक व निदेशक के पदों पर प्रमोशन देने का आदेश दिया।

# फोन पर जेई और संविदाकर्मी भिड़े, आरोप लगाकर ऑडियो किया वायरल

**मोहनलालगंज।** अमेठी सबस्टेशन में 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन के दौरान फॉल्ट तलाश रहे संविदाकर्मी और कार्यवाहक जेई फोन पर आपस में भिड़ गए। नोकझोंक के बीच बात इतनी बढ़ गई कि मर्यादा की सीमाएं टूट गईं। जेई पर अभद्रता का आरोप लगाकर संविदाकर्मी ने बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर कार्रवाई की मांग की है। जेई के बर्ताव से आहत संविदाकर्मी ने एसडीओ से पूरे मामले की शिकायत की है। मोहनलालगंज के अमेठी सबस्टेशन की 33 केवी लाइन मंगलवार को अचानक ब्रेकडाउन हो गई। संविदाकर्मी कुलदीप वर्मा समेत कुछ अन्य संविदाकर्मी लाइन की पेट्रोलिंग कर फॉल्ट तलाश रहे थे। कुलदीप के मुताबिक दोपहर से रात हो गई लेकिन लाइन दुरुस्त नही हो सकी। रात करीब 9 बजे कुलदीप बच्चे की दवा लेने चले गए। कुलदीप के मुताबिक एक घंटे बाद वापस लौटने पर उन्हें साइट पर कोई कर्मचारी नही मिला। उन्होंने कार्यवाहक जेई को काल की तो आरोप है कि आपा खोए जेई ने फोन पर ही अभद्रता शुरू कर दी। नोकझोंक के बीच बात इतनी बढ़ गई कि आरोप है कि जेई ने भला बुरा तक कह डाला। कुलदीप ने बताया जेई के बर्ताव से आहत होकर उन्होने एसडीओ अमेठी को फोन कर पूरे मामले की शिकायत की। लेकिन सुनवाई नही होने पर मंगलवार को उन्होने जेई से फोन पर हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर संविदा कर्मियों के संगठन के पदाधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी।

## रेलवे ट्रैक अवरुद्ध होने की घटनाओं पर डीजीपी गंभीर

# आरपीएफ, जीआरपी, रेलवे व पुलिस संयुक्त रूप से करे पेट्रोलिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**रेलवे** ट्रैक अवरुद्ध होने की लगातार हो रही घटनाओं पर डीजीपी प्रशांत कुमार काफी गंभीर हैं। उन्होंने बुधवार को इस संबंध में रेलवे सुरक्षा बल एवं रेलवे के अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोऑर्डिनेशन बैठक की। जिसमें एडीजी रेलवे, एडीजी कानून व्यवस्था व एसटीफ, एडीजी अपराध, सभी जोनल एडीजी, सभी पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर, एडीजी रेलवे सुरक्षा बल, बड़ौदा हाउस दिलली, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, एनआर दिल्ली, एनआईआर गोरखपुर, गोरखपुर, एनसीआर प्रयागराज, डीआरएम एनआर लखनऊ, एनईआर लखनऊ, एनईआर वाराणसी, एनईआर इज्जतनगर, एनसीआर प्रयागराज, एनसीआर आगरा, एनसीआर झांसी, एडीआरएम दिल्ली/ अम्बाला/ मुगलसराय/ मुरादाबाद, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज / समस्त पुलिस अधीक्षक जीआरपी मौजूद थे। बैठक में रेलवे ट्रैक अवरूद्ध करने सम्बन्धी घटित घटनाओ के दृष्टिगत सुरक्षा के लिए बेहतर समन्वय रखते हुए प्रभावी कार्यवाही करने, सुरक्षा के दृष्टि से वाल-फेसिंग कराये जाने, वल्नरेबुल क्षेत्र को चिन्हित करने, संयुक्त पेट्रोलिंग कराने, मंडल स्तर पर त्रैमासिक समन्वय बैठक करने, रेलवे ट्रैक के आसपास हुए अवैध निर्माण को नियमानुसार हटवाये जाने एवं एसओपी तैयार कर कार्यवाही करने, रेलवे ट्रैक की समुचित सुरक्षा हेतु उच्चिकृत टेक्नॉलाजी का उपयोग करने, ट्रेन इंजन एवं कोचेज में सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाने आदि विषयो पर उपस्थित अधिकारीगण के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से चर्चा की गयी। इस मौके पर डीजीपी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क उत्तर प्रदेश का है। विगत में रेलवे ट्रैक के अवरूद्ध करने संबंधी घटनाओं में समन्वय रखते हुए घटनाओं को रोकने के लिए सभी स्टाक होल्डर्स को सम्मिलित कर एसओपी बनाकर कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि रेलवे ट्रैक अवरुद्ध करने संबंधी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे/ आरपीएफ /जीआरपी व स्थानीय पुलिस द्वारा समन्वय स्थापित कर रेलवे ट्रैक की संयुक्त पेट्रोलिंग कराई जाए। किसी भी प्रकार के प्राप्त इनपुट को शेयर किया जाए।

# पुलिस रेसलिंग क्लस्टर 2024 में खिलाड़ियों ने जीते मेडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सशस्त्र** सीमा बल के तत्वावधान में चल रहे 73वें ऑल इंडिया पुलिस रेसलिंग क्लस्टर 2024 के तीसरे दिन बुधवार साईं स्टेडियम में आर्म रेसलिंग के पुरुष वर्ग 70 किलोग्राम तथा 80 किलोग्राम वर्ग में असम पुलिस के कनापा बोरा और अमरंजित ठाकुर ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जबकि 75 किलोग्राम कैटेगरी में केरल पुलिस तथा यूपी पुलिस के रिनिल्सेवियर तथा राहुल कुमार क्रमश: ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। एसएसबी के धीरज दास को 70 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। वहीं महिला वर्ग में 65 किलोग्राम कैटेगरी में तमिलनाडु पुलिस की वी सरन्या तथा 70 किलोग्राम कैटेगरी में मणिपुर की एस रानी देवी गोल्ड पदक विजेता रही। के डी सिंह बाबू स्टेडियम में बॉक्सिंग मुकाबले में पुरुष वर्ग में केंद्रीय सशस्त्र बल की टीम भारी पड़ी स्टेट पुलिस की टीम पर। अभी तक चले 15 मुकाबलों में सीएपीएफ की टीम अलग अलग वेट कैटेगरी में 11 मुकाबलों में विजयी रही। वहीं महिला वर्ग में 5 बजे तक चले 22 मुकाबले में 17 मुकाबलों में ष्ट्रक्क्र की टीम विजयी रही। एस एस बी की शिवानी पवार ने 50 किलोग्राम तथा नीतू ने 57 किलोग्राम वर्ग में जीता स्वर्ण पदक। ओवरऑल पदक प्वाइंट में 5 बजे तक तक एसएसबी शीर्ष पर बनी हुई है,आईटीबीपी दूसरे, यूपी तीसरे तथा बीएसएफ चौथे पर।

### किसानों को आधुनिक तकनीक व नवाचार से जोड़ने का करें प्रयास: उद्यान मंत्री

**लखनऊ।** उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने वर्ष 2024-25 के लिए उद्यान विभाग द्वारा संचालित सभी औद्यानिक विकास योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बैठक में कहा कि उद्यान विभाग प्रदेश की 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी औद्यानिक विकास योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए समय पर लागू किया जाए। विभाग के संसाधनों और क्षमताओं का पूरा उपयोग सुनिश्चित किया जाए। किसानों को आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

# भाजपा का बुलडोजर लोकतंत्र और संविधान को रौंद रहा: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की जनता पर तो भारी हैं ही, इनके कारनामों के कारण हरियाणा, और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में भाजपा का सत्ता से दूर-दूर तक पता नहीं चलने वाला है। भाजपा का बुलडोजर लोकतंत्र और संविधान को रौंद रहा है। लोकतंत्र में ऐसे अहंकारी नेतृत्व के लिए कोई स्थान नहीं है, यह प्रदेश के लिए अभिशाप है। उन्होंने कहा कि जब तक बुलडोजर के अमानवीय और विध्वंसक आचरण को भाजपा नेतृत्व का संरक्षण मिलता रहेगा तब तक बीजेपी का भविष्य अंधकारमय रहेगा। भाजपा के सत्ता में रहते प्रदेश और देश में लोकतंत्र और संविधान का शासन सम्भव नहीं है। इन पर खतरा मण्डराता रहेगा। भाजपा का एजेण्डा समाज में नफरत फैलाकर दूरी पैदा करना है। यह लोकतंत्र का उपहास है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री की भाषा अमर्यादित और अलोकतांत्रिक है। मुख्यमंत्री जी कलेजा और दिल की बात कैसे कर सकते हैं? ये किस स्तर की भाषा है कुण्ठित मानसिकता की अभिव्यक्ति है। यह भाषा स्वस्थ्य व्यक्ति की नहीं हो सकती? लोकराज, लोकलाज से चलता है लेकिन भाजपा कानून, संविधान और लोकतंत्र के प्रति कोई जवाबदेही नहीं मानती है। इनके जहां-जहां पैर पड़ेंगे वहीं-वहीं बंटाधार होगा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा अपने राजनीतिक स्वार्थ को पूरा करने के लिए सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करती है। भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। हर विभाग में भ्रष्टाचार और लूट चल रही है।

### 12वीं परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को सपा मुखिया ने किया सम्मानित



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में सीबीएसई परीक्षा 2024 की 12वीं के परीक्षा परिणाम में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा आरती यादव को लैपटॉप देकर बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।

# पर्यटन स्थलों को प्लास्टिक मुक्त करने की कार्ययोजना तैयार करें: जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रकृति द्वारा प्रदत्त उपहारों के संरक्षण की जिम्मेदारी हमारी है। हम अपने ज्ञानवर्धन तथा मनोरंजन के लिए इसका उपयोग करें, ताकि आने वाली पीढ़ी को यह उपहार प्राप्त हो सके, इसके लिए इनका संरक्षण एवं रखरखाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के बिना मानव का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। इसके साथ ही पर्यावरण को बचाने का कार्य भी करना होगा। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों को रचनात्मक दिशा देने के लिए इको पर्यटन विकास बोर्ड का गठन किया गया है।

जयवीर सिंह आज पर्यटन भवन में वन एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरूण कुमार सक्सेना के साथ इको टूरिज्म के तहत कराये जा रहे विभिन्न कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में प्रदेश में बढ़ते टूरिज्म की संभावनाओं और विकास के हर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण एक ज्वलंत विषय हो गया है। इस बैठक में डिपाजिट रिटर्न स्कीम पर खासतौर से चर्चा की गयी। इको टूरिज्म एवं पर्यटन स्थलों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं प्लास्टिक उत्पादों के कचरे को फैलने से रोकने के लिए सभी स्थलों पर क्यूआर कोड प्रणाली अपनाने पर जोर दिया गया। जयवीर सिंह ने कहा कि वन विभाग एवं पर्यटन विभाग इको टूरिज्म विकास बोर्ड के महत्वपूर्ण अंग हैं। प्रदेश में इको पर्यटन विकास के लिए दोनों विभागों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इको पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनायें है।

# महिलाएं शिक्षित होंगी तभी पूरा होगा विकसित राष्ट्र का संकल्प: राज्यपाल

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने समारोह में छात्र छात्राओं को प्रदान की उपाधियां व टॉपरों को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक

● राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का 19 वां दीक्षांत समारोह संपन्न

**मनीष द्विवेदी** । प्रयागराज





**शिक्षा** को चहारदीवारी से बाहर निकाल कर आंगनबाड़ी तक पहुंचाना आज के युग की आवश्यकता हो गई है। महिलाओं को शिक्षित किया जाना इस देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए बेहद अनिवार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी पूरा होगा जब देश की महिलाएं शिक्षित होंगी।

यह बातें बुधवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के 19 वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कर रहीं राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहीं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के साथ साथ बच्चों को भी विकास की धारा से जोड़ना अति आवश्यक है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी बच्चों के बाल मनोविज्ञान को समझने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ साथ विश्वविद्यालय में भी प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की आवश्यकता है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शिक्षा को रोजगार एवं कौशल से जोड़ने की सलाह दी और सभी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के द्वारा इंडस्ट्री से जुड़ने का महत्व बताया।

भारत सरकार द्वारा तैयार की गई इस प्रकार की योजनाओं का भी उन्होंने संदर्भ रखा। कहा कि कारागारों को भी अध्ययन केंद्र बनाया जाना चाहिए और ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाया जाना चाहिए। राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय को यह निर्देश भी दिया कि विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ोत्तरी करने का प्रयास किया जाए। इसके लिए विश्वविद्यालय अपने बारह क्षेत्रीय केन्द्रों के लिए प्रवेश का लक्ष्य निर्धारित करें और अध्ययन केंद्रों को भी छात्र संख्या बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि वह महीने भर बाद उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा करेंगी। उन्होंने सास बेटी बहू का संदर्भ देकर भारतीय पारिवारिक संरचना के महत्व को जाहिर किया और बताया कि देश के विकास के लिए हमारा पारिवारिक ढांचा मजबूत होना चाहिए। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि हमारी शिक्षा व्यवस्था भारतीय सांस्कृतिक मूल्य और भारतीय जीवन दृष्टि के अनुरूप होनी चाहिए तभी हम एक समावेशी भारत को मूर्त रूप दे सकेंगे। उन्होंने पदक विजेताओं एवं उपाधि प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों से कहा कि वह अपने जीवन में नैतिकता एवं मानवीय मूल्य का समावेश करते हुए जीवन को व्यावहारिक रूप प्रदान करें।

दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सत्र दिसम्बर 2023 तथा जून 2024 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण 31940 शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र आजमगढ़ की छात्रा आरती यादव को दिया। आरती यादव ने बीएससी की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा समस्त विद्या शाखाओं की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्तीर्ण समस्त स्नातक परास्नातक शिक्षार्थियों में सर्वश्रेष्ठ रहीं। विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक इस बार स्नातकोत्तर वर्ग में विद्या शाखाओं के सात टापर्स को दिए गए। जिसमें मानविकी विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र आगरा से सम्बद्ध एमए अर्थशास्त्र के छात्र यश यादव को दिया गया। समाज विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्र से सम्बद्ध एमए समाज कार्य के छात्र तौफीक खान को दिया गया। प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र गोरखपुर से सम्बद्ध एमकाम की छात्रा प्रिया शर्मा को कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रयागराज क्षेत्रीय केन्द्र से सम्बद्ध एमसीए के छात्र अनित सिंह मलिक को दिया गया। शिक्षा विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र आगरा से सम्बद्ध एमए शिक्षा शास्त्र के छात्र जानकी प्रसाद को दिया गया। विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र आगरा से सम्बद्ध एमएससी जैव रसायन के छात्र पवन कुमार, आदि को प्रदान किया गया।

# जीएम एनसीआर ने आठ रेलवे कर्मियों को दिया संरक्षा पुरस्कार



**प्रयागराज।** अगस्त माह के लिए महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे उपेन्द्र चन्द्र जोशी द्वारा प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी जेसीएस बोरा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झांसी आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित आठ रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कृत कर्मचारियों में रणधीर सिंह लोको पायलट कानपुर प्रयागराज मण्डल आलोक कश्यप सहायक लोको पायलट कानपुर अभिषेक श्रीवास्तव ट्रैक मेन्टेनर करौंदा झाँसी मण्डल हरीश ट्रैक मैन घासी नगर आगरा मण्डल भोला सिंह ट्रैक मेन्टेनर मथुरा आगरा मण्डल पवन कुमार ट्रेन मैनेजर न्यू डीडीयू प्रयागराज मण्डल प्रमोद वर्मा प्वाइण्टसमैन आगासोद झाँसी मण्डल एवं जय प्रकाश स्टेशन अधीक्षक औंग प्रयागराज मण्डल शामिल हैं। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी डा अमित कुमार मालवीय ने बताया कि जय प्रकाश स्टेशन अधीक्षक औंग प्रयागराज मण्डल को अगस्त के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जय प्रकाश स्टेशन अधीक्षक ने सात अगस्त को गाड़ी संख्या 22438 से आल राइट सिग्नल का आदान प्रदान करते समय कुछ टकराने की आवाज सुनी एवं चिंगारी निकलते हुए देखी। उन्होंने तुरन्त ओएचई ऑफ़ कराई। गाड़ी बिन्दकी रोड में खड़ी हुई। प्वाइंटसमैन द्वारा चेक करने पर फिशप्लेट खुली हुयी पायी गयी।

# सदस्यता अभियान में 150 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता: अजीत रावत



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत के नेतृत्व में रावर्टसगंज नगर के बूथ सख्या 21 पर बुधवार को भाजपा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान कैंप लगाकर 150 सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराया गया।वहीं सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य व रामचंद्र कनौजिया के मार्गदर्शन मे सदस्यता अभियान लगातार चलाया जा रहा है वही कार्यकता अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने का काम कर रहे है। वही श्री रावत ने बताया कि भाजपा की सदस्यता के लिए चल रहे अभियान में 11 सितंबर से 17 सितंबर तक घर-घर संपर्क करके सदस्यता करना है। भाजपा की विशिष्ट सदस्यता अभियान में प्रमुख बाजारों, रेलवे स्टेशन ,बस स्टेशन, कचहरी ,कॉलेज में कैंप लगाकर सभी सामाजिक संगठन, सभी सामाजिक वर्ग, युवा ,महिला उद्यमी, किसान, अधिवक्ता, रिटायर्ड अधिकारी, कर्मचारी के पास जाकर कार्यकर्ता सदस्य बनायेंगे। द्वितीय चरण 1 से 15 अक्टूबर के बीच समाज के सभी विभिन्न वर्गों, जातियों, समूहों को जोड़ने के लिए 'समूह विशिष्ट संपर्क आयोजित किया जाएगा।

## मासूम की मौत से आहत महिला ने की आत्महत्या

**सोनभद्र।** मासूम की मौत से आहत होकर अत्यधिक वेदना से पीड़ित मां ने एक माह बाद मौत को गले लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी। स्वजन अभी मासूम की मौत से नहीं उबर पाये थे कि महिला के इस कदम से उन पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा। ओबरा कोतवाली क्षेत्र में बिल्ली रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार देर रात एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। अपराध निरीक्षक माधव सिंह ने बताया कि मृतका रंजना यादव एक माह पूर्व अपने बच्चे की मौत के बाद से ही अवसाद में चल रही थी। जिसकी वजह से उसने यह कदम उठाया। बताया कि मृतका का मायका मदारे, राबर्टसगंज है। सूचना के बाद ससुराल पहुंचे उसके मायके वालों की तरफ से अभी तक घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# स्थानांतरित पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**संवाददाता।** सोनभद्र



**पुलिस** अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह को कलेक्ट्रेट सभागार में सोनभद्र से रायबरेली में पुलिस अधीक्षक के रूप में स्थानान्तरण होने पर भाव भीनी विदाई दी गयी, इस अवसर पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने उपस्थित अधिकारीयो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं में स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया है, जो व्यक्ति सरकारी सेवाओं में आया है, वह समय-समय पर स्थानान्तरित होते हुए एक दिन एक-दूसरे स्थान पर जाता रहता है।

सरकारी सेवाओं की अपनी एक सीमा है, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह का कार्यकाल जनपद सोनभद्र में काफी सराहनीय रहा है, इनके द्वारा जनपद में किये गये कार्यो को याद किया जायेगा, जो अधिकारी काफी मेहनती और ईमानदार होते हैं, उनके स्थानान्तरण के फलस्वरूप बिदाई देते वक्त मन भावुक हो जाता है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने कहा कि जनपद सोनभद्र के कार्यकाल में काफी कुछ बातों को सीखने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के सहयोग से चुनाव, उप चुनाव को बेहतर ढंग से सम्पन्न कराया गया। जनपद सोनभद्र हमारे लिए यादगार रहेगा, जनपद सोनभद्र का कार्यकाल मेरे सर्विस का सबसे बड़ा कार्यकाल रहा है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी रोहित यादव, परियोजना निदेशक आर0एस0 मौर्या, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, रामलाल, जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक को माल्यार्पण कर स्मृतिचिन्ह भेंट किये और विदाई समारोह में विकास व कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल की सराहना की।

# सनातन धर्म में ही कहा जाता है विश्व का कल्याण हो: भवानी नंदनी यति जी महाराज



**गाज़ीपुर।** पूर्वांचल में तीर्थस्थल के रूप में विख्यात सिद्धपीठ हथियाराम मठ में बुधवार को राधाष्टमी की बेला पर 26वें पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानीनन्दन यति जी महाराज का हजारों शिष्य श्रद्धालुओं ने असीम आस्था और उत्साह के साथ प्राकट्य उत्सव (आविर्भाव दिवस) मनाया। वैदिक विद्वान ब्राह्मणों ने धार्मिक अनुष्ठान किया, तो संत महात्माओं, कन्या पीजी कॉलेज की छात्राओं, गणमान्यजनों सहित स्मस्तजनों ने गुरु वंदना करते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना किया। महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति महाराज ने कहा कि जन्म उत्सव के प्रति मेरा कोई उत्साह नहीं लेकिन श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करना मेरे जीवन का सौभाग्य है।

उन्होंने कहा कि साल के 364 दिन मैं आप लोगों को आशीर्वाद देता हूं, परंतु आज के दिन मुझे आप सभी श्रद्धालु मुझे आशीर्वाद दीजिए कि मैं मठ के विकास के साथ ही सन्यास के पथ पर चलते हुए समाज और लोक कल्याण का कार्य ऐसे ही सहजता पूर्वक संपादित करता रहूं। उन्होंने कहा व्यक्ति को अपने मरण की चिंता करते हुए सदैव अपने कर्तव्य पथ पर अडिग और चरित्रवान बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जो विश्व का कल्याण हो, के ध्येय वाक्य पर विश्वास करता है।

पीठाधिपति ने सिद्धपीठ की धरती को पवित्र बताते हुए वृद्धाम्बिका देवी की महिमा का बखान किया और कहा कि देवी मां की कृपा से यहां के कण कण में भगवान हैं और यहां सच्चे दिल से प्रार्थना करने वालों की मुरादें जरूर पूरी होती है। हाईकोर्ट लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने कहा कि पीठाधिपति को आविर्भाव दिवस की हृदय से दी जाने वाली शुभकामना को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। उन्होंने मुझे शोहरते कितनी भी मिले मैं हसरते नहीं रखता, सब भूल जाता हूं नफरतें नहीं रखता। शेर के माध्यम से गुरु महाराज का गुणगान करते हुए कहा कि कुछ ऐसे द्वार होते हैं जहां प्रत्येक समस्या का समाधान मिलता है। अपनी मुश्किलों का जिक्र करते हुए कहा कि बुढ़िया माता के दरबार में हर दुख विपत्ति का निराकरण होता है। मन विचलित हो तो घबराना नहीं, सब दु:ख वक्त के साथ मिट जाता है।

उन्होंने कन्या पीजी कॉलेज हथियाराम की छात्राओं और उपस्थितजनो का आह्वान करते हुए कहा कि खुद को आफते जमाना से बचाए रखिए वक्त कैसा भी हो किरदार बनाए रखिए, मिल ही जाएगा एक रोज सुरागे मंजिल, राहे मंजिल पर निगाह जमाए रखिए।

इसी कड़ी में वाराणसी के डीआईजी ओमप्रकाश सिंह, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा, काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी के ट्रस्टी पंडित प्रसाद दीक्षित, अखिल भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, देश के पहले विमानन विश्वविद्यालय बरेली के कुलपति डॉ. वी. के. सिंह, व्यास डा. मंगला प्रसाद सिंह, चातुर्मास महायज्ञ के मुख्य यजमान शिवानन्द सिंह झुन्ना, बीएचयू के प्रोफेसर जेपी सिंह, आदि गणमान्यजनों ने करीब 900 वर्ष प्राचीन इस तपस्थली के सिद्धसंतों के तप और बुढ़िया माई को प्रणाम करते हुए महामंडलेश्वर के प्राकट्य दिवस समारोह में उपस्थित होने को खुद के लिए सौभाग्य बताया।

# युवक की चाकू से गोदकर हत्या के आरोप में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता।** सोनभद्र

**चोपन** थाना के गुरमुरा में मंगलवार की रात युवक राकेश गुप्ता की चाकू से हमला कर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के दूसरे दिन बुधवार को भी पुलिस आरोपितों का पता नहीं लगा सकी है। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह का कहना है आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस लगातार हत्या से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है। गुरमुरा गांव निवासी राकेश गुप्ता की शादी विगत लगभग एक वर्ष पूर्व सीमा पटेल से मालोघाट मंदिर से हुई थी। राकेश और सीमा का प्रेम विवाह हुआ था जो सीमा के परिजनों को पसंद नहीं था। फिर उन्हें समझौता कर बेटी की शादी करनी पड़ी। राकेश की मां ने बहू के परिजनों पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। राकेश की मां का कहना है कि शादी के बाद भी बहू के चाचा लगातार दंपती को अलग करने का दबाव बना रहे थे। पिछले सप्ताह मंगलवार को भी उसी के घर के पास से सिगरेट लेने आए कुछ लोगो ने राकेश का हाथ पकड़कर घर से बाहर खींचना चाहा लेकिन राकेश ने जोर लगाकर किसी तरह दरवाजा बंद कर दिया।

राकेश की पत्नी का कहना है कि उस दिन लोग कार से आए थे लेकिन रात के अंधेरे का फायदा लेकर फरार हो गए। ठीक उस घटना के एक सप्ताह बाद रात लगभग सात साढ़े सात बजे घात लगाकर मेरे पति की हत्या कर दी गई। हत्यारे दो की संख्या में पल्सर मोटर साइकिल पर सवार थे। परिजनों के मुताबिक राकेश फेरी का काम करता था और गल्ला खरीद बेची के कार्य से परिवार का भरण पोषण करता था। राकेश के पिता ओमप्रकाश इसके घर से थोड़े दूर पर मकान बनाए हैं।

### किशोर ने पांच वर्षीय बालक के साथ किया दुष्कर्म

**सोनभद्र।** शक्तिनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर ने मंगलवार को पांच वर्षीय बालक को मोबाइल में पब्जी खेलने के बहाने बंद कमरे में ले जाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। पीड़ित बालक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी किशोर को बुधवार को बाल सुधार गृह भेज दिया। थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले 15 वर्षीय किशोर ने पांच वर्षीय बालक के साथ पब्जी खेलने के बहाने बनाकर घर में ले जाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म किया है। जब दरवाजा नहीं खोलने पर उसे तोड़ दिया गया। आरोपित किशोर मौके से फरार हो गया।

## गोद लिए गांवों में आयोजित की गईं प्रतियोगिताएं

**प्रयागराज।** राज्यपाल के निर्देश पर दीक्षान्त समारोह के पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण आहार एवं कार्यकत्रियों की उपस्थिति मानदंड आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसी तरह गोद लिए गांव के प्राथमिक जूनियर विद्यालयों तथा माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भाषण चित्रकला एवं कहानी कथन प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को दीक्षान्त समारोह के अवसर पर कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा पुरस्कृत किया। दीक्षान्त समारोह के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों को विश्वविद्यालय की तरफ से कुलाधिपति द्वारा किट भेंट किए गए। साथ ही राजभवन की तरफ से मुक्त विश्वविद्यालय के समीपवर्ती प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों के लिए राज्यपाल महोदया ने सौ पुस्तकें प्रदान की।

# जांच में गड़बड़ी पर तीन दुकानदारों को नोटिस, संग्रहीत किये गए नमूने

**सोनभद्र।** जनपद में उर्वरक बिक्री की जांच के लिए बुधवार को जिलाधिकारी बीएन सिंह के निर्देश पर चार टीमों ने घोरावल तहसील के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। टीम ने इस दौरान तीन दुकानदारों को नोटिस देते हुए छह स्थानों से नमूना संग्रहित किया।

जिला कृषि अधिकारी डा. हरिकृष्ण मिश्रा ने बताया कि यह कार्रवाई यूरिया के कालाबाजारी पर रोक के लिए चलाया गया। जिला कृषि अधिकारी व एआर कोआपरेटिव डीपी सिंह ने घोरावल तहसील के साधन सहकारी समितियों व निजी उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों पर जाकर उनकी जांच की।

साधन सहकारी समिति लोहांदी के प्रो. घनश्याम सिंह को समिति में अनाधिकृत रूप से अन्य कंपनियों के उत्पाद बेचने, अभिलेखों का रख रखाव सही न रखने व कृषकों को गलत बिल न देने पर नोटिस जारी किया गया। में. सिंह खाद भंडार शाहगंज के विनोद सिंह व में0 न्यू किसान खाद भंडार के प्रदीप पांडेय को पास मशीन से खाद न विक्रय करने, रेट सूची न प्रदर्शित करने, कृषकों को बिल न देने के कारण नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा वस्तुऐ संदिग्ध प्रतीत होने पर कुल छह नमूने संग्रहित करके उसके गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।

जांच प्रक्रिया के उपरांत समस्त उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी जारी करते हुए निर्देशित किया गया कि कृषकों को उचित दर पर उर्वरक व कृषि रक्षा रसायन उपलब्ध कराया जाए। कृषकों को कैश मेमो अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाए। कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अंडर 19 पुरुष वर्ग में 4 चयनित अगला शिविर 12 सितम्बर से

**गाजीपुर।** जनपद में गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया अंडर 19 वर्ग के पुरुष खिलाडियों का कमला क्लब में हाल ही में हुए राज्य स्तरीय ट्रायल में गाजीपुर मंडल के सक्षम यादव का अगला फाइनल ट्रायल 13 तथा 14 सितम्बर को कमला क्लब कानपुर में होगा जिसके लिए उन्हें 12 सितम्बर को शाम 06 बजे तक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना होगा। इसके अतिरिक्त गाजीपुर मंडल से ब्रिजेश, प्रीत राय (गाजीपुर) एवं हर्षित कुमार यादव (देवरिया) का भी चयन किया गया है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा चयनित तीनों खिलाडियों के लिए आगामी 15 तथा 16 सितम्बर को कमला क्लब कानपुर में शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर के दौरान इन खिलाडियों का बी.सी.सी.आई. स्तर के आगामी सत्र हेतु पंजीकरण भी किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि 14 सितम्बर को सायं 06 बजे तक कमला क्लब कानपुर में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें 7 भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड स्तर के आगामी सत्र हेतु पंजीकरण हेतु मूल जन्म प्रमाण पत्र, हाई स्कूल प्रम्मान पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता कस कैंसिल चेक तथा 2 पासपोर्ट साइज़ फोटो साथ में अवश्य लेकर जाएँ तथा अनुशासन में रखते हुए अपना बेहतर प्रदर्शन करें। गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ0 उमेश चन्द्र राय ने जी.डी.सी.ए. के समस्त अधिकारियों के तरफ से चयनित सभी खिलाडियों और उनके परिजनों को बधाई दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स काउंसिल सदस्य तथा गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इन खिलाडियों का चयन होना हर्ष व उल्लास का विषय है जो कि गाजीपुर मंडल के साथ-साथ पूर्वांचल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए नए आयाम की शुरुआत है।

## ग्राम पंचायत गौरा बसंतपुर का परियोजना निदेशक ने किया निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर।** कटेहरी ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत गौरा बसंतपुर का परियोजना निदेशक अनिल सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया।निरीक्षण में स्पष्ट हुआ कि निर्वाचित प्रधान दीपक कुमार की प्रधानी को उसी गांव के निवासी प्रभात वर्मा ने हाइजैक करके जबरदस्ती उसकी (डिजिटल सिग्नेचर) भी ले रखा है। जिसके माध्यम से प्रधानी के अभी तक के कार्यकाल में लाखों का घपला कर रखा है। गांव का पूरा अभिलेख एक माह से अकबरपुर ब्लाक स्थानांतरित सचिव कंचन यादव के पास है। उनके अभी तक चार्ज नहीं दिया है। अभी अभिलेख नहीं मिला है इसलिए कार्य वार जांच नहीं हो पाई।गांव में सभी काम बाधित है। एक शिकायत कर्ता द्वारा गांव की शिकायत की गई। जिस पर डीएम अविनाश सिंह ने इसकी जाँच का जिम्मा परियोजना निदेशक को सौप दिया।अनिल सिंह के जांच के दौरान गाँव में पहुंचने के बाद पूरी जानकारी ली गई जिस पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने प्रभात पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# ब्लाक प्रमुख ने छात्र-छात्राओं को किया टेबलेट वितरण



**सकलाडीहा, चंदौली।** सरेहुआ कला ताजपुर रोड सकलडीहा चंदौली अध्ययनतरत ए0एन0एम0 की छात्राओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के योजना के अंतर्गत ,मुख्य अतिथि अवधेश सिंह ब्लाक प्रमुख सकलडीहा के द्वारा टेबलेट वितरण किया गया, मुख्य अतिथि का संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर संजय कुमार के द्वारा स्वागत एवं आभार प्रकट किया गया।

मुख्य अतिथि अवधेश सिंह ने छात्रों को टैबलेट देते हुए कहा कि विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है ,इसलिए नर्सिंग की छात्राओं को नर्सिंग तकनीक शिक्षा के स्तर को बढ़ाने एवं ज्ञान को अर्जित करने के लिए उपयोग करें ,टैबलेट का उपयोग मनोरंजन के लिए ना करें, बल्कि स्वास्थ्य चिकित्सा क्षेत्र शिक्षा के लिए सदैव प्रयोग करें, इस मौके पर राम आशीष यादव, अमित पचौरी ,शिव जन्म ,मृत्युंजय चटर्जी ,इत्यादि अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## होने वाले कार्यक्रम को लेकर बनाई रणनीति

**प्रयागराज।** कार्यक्रम को लेकर विभिन्न प्रकार की योजना बनाई गई। हर शो में एक विरोधी किरदार होता है जिसका असली मकसद शो के नायक के लिए मुश्किलें खड़ी करना होता है। जी टीवी के पॉपुलर शो कैसे मुझे तुम मिल गए में भी बबीता का नेगेटिव किरदार निभा रहीं टैलेंटेड एक्ट्रेस किशोरी शहाणे विज शो में हर वक्त अमृता सृति झा के खिलाफ साजिशें रचती रहती हैं। लेकिन अगर ऑफ स्क्रीन देखें तो कहानी बिल्कुल अलग है। दरअसल किशोरी अपने किरदार के बिल्कुल विपरीत हैं विनम्र और ख्याल रखने वालीं। शुरुआत में जब पूरी टीम ने इस शो की शूटिंग शुरू की थी तो हम लोग अपने अपने कमरों में लंच करते थे लेकिन कुछ समय बाद हम अपने सीन्स की तैयारी के साथ साथ अपने खाने पर भी मिलने जुलने लगे। आगे क्या होगा जानने के लिए देखिए कैसे मुझे तुम मिल गए। रोज शाम साढ़े सात बजे सिर्फ जी टीवी पर आएगा। इसलिए मैंने तय किया कि मैं अपनी ऑन स्क्रीन फैमिली के साथ साथ सेट के क्रू मेंबर्स के लिए भी कुछ बढ़िया खाना बनाकर ले जाएं।

# आईजीआरएस पर की गई शिकायत का निस्तारण एक माह पूर्व कर दिया

**मीरजापुर।** रेखा देवी पत्नी जगजीवन निवासिनी ग्राम-सिन्धुरिया थाना विनध्याचल, जिला-मीरजापुर आ0नं0-939386909381, का कहना है कि गाँव सिन्धुरिया के ही सर्वजीत पुत्र फौजदार सोनू मोनू व राहुल पुत्रगण सर्वजीत व संजय पुत्र रामचरन प्रार्थिनी के आ0सं0 170 व 185 स्थित मौजा सिन्धुरिया तप्पा-84 परगना कंतित, तहसील सदर, जिला-मीरजापुर को जबरजस्ती जोत लिया है जिसके सम्बन्ध में प्रार्थिनी द्वारा शिकायत की गई कार्यवाही न होने पर दिनांक 06.08.2024 को आई.जी.आर.एस. सं0-40019924017158 से प्रार्थिनी मुख्यमंत्री जी के यहाँ दिया तथा उपरोक्त सन्दर्भ के जाँच अधिकारी उपनिरीक्षक निवासी श्री विनोद कुमार यादव थाना विन्ध्याचल को दी गई।

जॉच अधिकारी कभी भी मौके पर नहीं गये न ही कोई जॉच किये फर्जी ढंग से दिनांक-21. 07.2024 को 126/135 बी.एन.एस.एस. के तहत दशरथ आदि व नन्दलाल आदि में की गई कांवाही संलग्न कर प्रार्थिनी के प्रार्थना को निस्तारित कर दिया गया।

सबसे आश्चर्यजनक यह है कि प्रार्थना पत्र 06.08.2024 को प्रार्थिनी ने दिया और जाँच अधिकारी द्वारा अपने जॉच आख्या में दिनांक-21.07.2024 को कार्यवाही दिखाई गई जिससे स्वत: सिद्ध कि प्रार्थिनी के प्रार्थना पत्र का निस्तारण / कार्यवाही प्रार्थना पत्र देने के पहले ही जाँच अधिकारी द्वारा गई है और थानाध्यक्ष द्वारा भी उसे सत्यापित किया गया।

थाना विन्ध्याचल पुलिस जहां एक तरफ प्रार्थिनी के प्रार्थना पत्र पर सम्यक कार्यवाही नही किया वही दुसरी तरफ शासन व प्रशासन को गम्भीर रूप से गुमराह किया है जिससे जनता का विश्वास शासन-प्रशासन से उठ रहा है, ऐसी स्थिति में उपरोक्त की उच्चस्तरीय जाँच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना जरूरी व न्यायसंगत है।

# अटल आवासीय विद्यालय में चयनित बच्चों को डीएम ने किया सम्मानित

**संवाददाता।** अमेठी



**श्रम** विभाग के अंतर्गत उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालय योजना संचालित की जा रही है। अयोध्या मंडल में अमराई गांव रुदौली जनपद अयोध्या में अटल आवासीय विद्यालय सत्र 2023-24 से कक्षा 6 में 80 बच्चों के साथ संचालित हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में कक्षा 6 में 140 एवं कक्षा 9 में 140 (कुल 280) बच्चों का चयन किया गया है।

प्रवेश हेतु मंडल स्तर पर अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई थी जिसमें जनपद अमेठी के 39 बच्चे चयनित हुए हैं। कक्षा 6 में 20 बच्चे एवं कक्षा 9 में 19 बच्चे सफल हुए हैं। मंडल के अन्य जनपदों में अयोध्या के कुल 147 , अंबेडकर नगर 30, सुल्तानपुर 26, और बाराबंकी में 26 बच्चे अटल आवासीय विद्यालय में इस सत्र में प्रवेशित हुए हैं।

बुधवार जनपद अमेठी में अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित बच्चों से जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा संवाद किया गया एवं बच्चों को सम्मानित करते हुए विद्यालय में मन लगाकर पढ़ाई करने एवं अनुशासित रहकर अपने व्यक्तित्व का विकास करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। अटल आवासीय विद्यालय अयोध्या सीबीएसई बोर्ड के पैटर्न पर संचालित है कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई की आवासीय व्यवस्था है, वहां बच्चों के रहने, खाने-पीने, खेलने की सभी सुविधाएं मौजूद हैं।

12 सितंबर को मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में अटल आवासीय विद्यालय में बच्चों को सम्मानित करते हुए 2024-25 के शिक्षा सत्र का का शुभारंभ किया जाएगा जिसके क्रम मे प्रदेश के सभी अटल आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र का प्रारंभ हो जाएगा।

# आत्म रक्षा प्रशिक्षण से बालिकाओं में बढ़ेगा आत्म विश्वासः प्राचार्य



**तिलोई, अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्कूली शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा के आदेशानुसार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी संजय तिवारी के निर्देशानुसार समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समस्त नामांकित बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी क्रम में कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला, तिलोई,अमेठी में ब्लाक व्यायाम शिक्षक एवं आत्म रक्षा प्रशिक्षण के प्रशिक्षक ओंकार नाथ सिंह द्वारा 11 सितम्बर से अनवरत 24 कार्य दिवसों में 51बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ओंकार नाथ सिंह ने बताया बालिकाओं को स्तान्स,पैरलर स्तान्स, एवं लोवर पंच सहित कई प्रकार के हुनर से प्रशिक्षित करके हुनरमंद बनाया जायेगा। प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने बताया कि विद्यालय की 51बालिकाओं को प्रशिक्षक ओंकार नाथ सिंह द्वारा आत्मा रक्षा के हुनर बहुत ही सुन्दर तरीके से सिखाया जा रहा है।

# 59 किसानों के यात्रा वाहन को डीएम एसपी ने हरी झण्डी दिखा किया रवाना

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा जनपद से कुल 59 किसानों को ''सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन'' योजना अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत ''भारतीय सब्जी अनुसंधान केंद्र'' वाराणसी के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के किसान 'भारतीय सब्जी अनुसंधान केंद्र' वाराणसी में उन्नत एवं आधुनिक तकनीकी से सब्जी उत्पादन के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। उन्होंने सभी किसानों को सब्जी अनुसंधान केंद्र से सब्जी उत्पादन के नवीन एवं उन्नत तकनिक सीख कर जनपद में कृषि के विकास हेतु अग्रणी भूमिका निभाने हेतु निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय सब्जी अनुसंधान वाराणसी भारतवर्ष में सब्जी के क्षेत्र में रिसर्च हेतु अग्रणी है, जहां से किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी बनेंगे। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि डॉ0 राकेश सिंह एवं जिला कृषि अधिकारी डा0 सर्वेश कुमार यादव उपस्थित रहे।

## बैंकों में छात्र-छात्राओं के खाते जीरो बैलेंस पर खोलेंः डीएम

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने जनपद के छात्र-छात्राओं का बैंक खाता जीरो बैलेंस पर खोलने के संबंध में लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देशित करते हुए कहा है कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु बेहतर अवसर प्रदान करने हेतु विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी अवार्ड परीक्षाओं का आयोजन विभिन्न संगठनों द्वारा किया जाता है। उनमें से कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में इस्पायर अवार्ड जैसी आयोजित होने परीक्षाओं हेतु छात्र छात्राओं का किसी भी बैंक में एक व्यक्तिगत खाता होना अति आवश्यक है। उक्त के क्रम में विभिन्न विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वाराअवगत कराया गया है कि बैंकों द्वारा बच्चों के जीरो बैलेंस खाता खोलने में रूचि नहीं ली जा रही, जिससे इन प्रतियोगी परीक्षाओं में जनपद का नामांकन लक्ष्य पूर्ण करने में कठिनाई हो रही है। जिलाधिकारी ने उक्त के दृष्टिगत लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया है।

# मगहर में पीस पार्टी नगर कमेटी का हुआ पुनर्गठन



**संतकबीरनगर।** पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खलीलाबाद के पूर्व विधायक डॉ0 मोहम्मद अय्यूब बुधवार की देर शाम मगहर नगर पंचायत में पार्टी के नगर कमेटी का पुन: गठन किया है। उन्होंने सभी नये पदाधिकारियों में जोश भरते हुए आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में तैयारी के लिए अभी से तैयार रहने के लिए कहा। नई कमेटी में नगर अध्यक्ष ओबैदुन्नबी, नगर उपाध्यक्ष जुबैर अहमद, महामंत्री इम्तियाज अहमद, नगर मंत्री अकरम अंसारी, नगर सचिव शहजाद अहमद, नगर कोषाध्यक्ष सबरे आलम, नगर प्रभारी मुजीब अंसारी, कानूनी प्रकोष्ठी शैदा, नगर संगठनमंत्री अख्तर खान, नगर मीडिया प्रभारी हाफिज अंसारी, नगर वार्ड अध्यक्ष अकरम खान, युवा नगर प्रभारी गुलाम वारिश, युवा नगर अध्यक्ष मिन्हाज़ मालिक, युवा उपाध्यक्ष आमिर खान, युवा मीडिया प्रभारी परवाज अंसारी, युवा नगर महामंत्री रहमत अली, युवा नगर महामंत्री फौवाद आलम, युवा नगर मंत्री मो0 अहमद, युवा महासचिव मेराज अंसारी, युवा कोषाध्यक्ष शमीम, युवा संगठनमंत्री शाहिद अंसारी, तथा वार्ड अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ कमेटी में शामिल हुए।

## डीएम-एसपी ने बारावफात के जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण



**अमेठी।** त्यौहार बारावफात के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आज जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा कस्बा जगदीशपुर का भ्रमण कर बारावफात के जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये व उपस्थित लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने, अफवाहों को फैलने से रोकने व अफवाहों पर ध्यान न देनें की अपील की गयी । इस दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना व अन्य अधि/कर्म0गण मौजूद रहे।

# किसान ही है भारत का वास्तविक अन्नदाताः डॉ. आशीष गौतम

**संवाददाता।** ऊंचाहार, रायबरेली

**ऊंचाहार** क्षेत्र में स्थित मां शारदा ऑटोमोबाइल्स में आयशर के टैक्टर एप्पैली के उद्घाटन के मौके पर दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार के संस्थापक डा0 आशीष गौतम ने कहा कि भारत के विकास में आप भी कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी है। किसान ही वास्तविक अन्नदाता है। आज किसान जब खेतो मे मेहनत से अन्न उगाता है, तभी भारतवर्ष के 140 करोड़ लोगों का भरण पोषण होता है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के निवर्तमान राज्यमंत्री रणबेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह ने कहा कि आयशर ट्रैक्टर ने आज ट्रैक्टर के क्षेत्र में अपना विशेष स्थान बनाया है। कम्पनी द्वारा किसानों के लिए उनके घरों पर भी पहुंच कर उसकी सर्विस प्रदान करने की योजना सबसे प्रभावी है। इसक कम्पनी के यूपी हेड संजय



उपाध्याय ने एजेंसी के प्रोपराइटर अरुण सिंह व अशोक सिंह के बारे में भी बताया कि ये उनकी दूसरी एजेंसी है।

खागा मे भी एजेंसी ने बहुत अच्छा व्यवसाय किया है। परिवार के सदस्य और आईशर के निदेशक हुए दिग्विजय सिंह चौहान ने बताया कि शिक्षा भी व्यवसाय के लिए बहुत जरूरी है। एजेंसी के उद्घाटन पर भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग व किसान मौजूद रहें। पहले दिन ही किसानों से ट्रैक्टर खरीदने के प्रति उत्साह रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में डीसीएम चालक की मौत

**ऊंचाहार।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक डीसीएम चालक की मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है, परिजनों की सहमति के बाद पुलिस ने शव उन्हें सौंप दिया है। फतेहपुर जिले के गाजीपुर थाना अंतर्गत खेसहन गाँव निवासी कामता प्रसाद 44 वर्ष डीसीएम चालक था, जो बुधवार की सुबह एनटीपीसी प्लांट परिसर में इस्तेमाल होने वाले ऑक्सीजन के खाली सिलेंडर लेने आया था, बताते है कि प्लांट गेट पर संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी तबियत बिगड़ गई, सुरक्षाकर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि मृत अवस्था में युवक को सीएचसी लाया गया था।

# प्रदेश सरकार का महिला शक्ति मिशन अभियान पूर्णतः साबित हो रहा फ्लाप

- शोहदों के आतंक के चलते छात्राओं का स्कूल जाना हो रहा मुश्किल

**लालगंज, रायबरेली।** जिले की ध्वस्त पुलिसिंग व्यवस्था का हाल यह है कि बालिकाओं को स्कूल पहुंचना मुश्किल हो रहा है। शोहदो के आतंक से भयभीत बालिकाओं के परिवार उनकी शिक्षा को लेकर चिंतित है। मुख्यमंत्री की महिला सुरक्षा के लिये चल रही अनेक योजनायें पूरी तरह से सफेद हाथी साबित हो रही है। लालगंज क्षेत्र के श्रीगणेश विद्यालय इंटर कालेज में पढ़ने वाली छात्राओं ने फोन के जरियें 1090 से मामले की शिकायत की है। लेकिन 1090 ने उनकी फरियाद नही सुनी।

लोदीपुर उतरावा गांव की रहने वाली छात्राओं ने बताया कि उनका ऐहार कालेज तक पहुंचना शोहदो के कारण मुश्किल हो रहा है। शोहदे किस्म के युवक न केवल फब्तियां कसते है बल्कि जबरन उनकी साईकिले रोककर बदतमीजी भी करते है। इस आशय की शिकायतें न केवल ऐहार क्षेत्र से बल्कि लालगंज नगर सरेनी, खीरों क्षेत्रो से भी आ रही है। बालिका सुरक्षा के नाम पर स्कूली समय पर किसी भी प्रकार की पुलिस गस्त करना मुनासिब नही समझ रही है। महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर थानो और कोतवालियों में सिपाहियों एवं दारोगाओं की नियुक्ति है। मगर महिला सुरक्षा के नाम पर सार्वजनिक स्थानो पर न तो महिला सिपाही दिखाई दे रही है और न ही कोई दारोगा। महिला शक्ति मिशन के रायबरेली में फ्लाप होने से बालिकाओं के परिजन उनकी शिक्षा के नाम पर बेहद चिंतित है।

वहीं लोग जिले की टूटती कानून व्यवस्था के लिये कोतवाली एवं थानो की सुस्त पुलिस व्यवस्था को दोषी मान रहे है। नागरिको ने नवागत पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप कर महिला सुरक्षा के नाम पर चल रही सरकार की कल्याणकारी योजना को प्रभावी बनाने की मांग की है।

# सामूहिक कार्य योजना बना कर जिले के नगरीय निकायों का होगा विकास

- प्रदेश सरकार की मंशा को लेकर सदर विधायक मीडिया से हुये रूबरू

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**प्रदेश** के नगर और महानगरों को अब प्रदेश की सरकार ने कई विभागों को एक साथ जोड़कर विकास की कार्य योजना बनाने का मन बनाया है जल्दी ही इस कार्य योजना को धरातल पर लाया जा सकेगा और प्रदेश के विकास को विकसित देशों की तरह देखा जा सकेगा।

सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में ऐसी कार्य योजनाओं को धरातल पर लाना चाहते हैं जो प्रदेश के नगर और महानगरों को कई बिंदुओं के विकास से संतृप्त कर सकें उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार जल्दी ही सामूहिक विकास की एक ऐसी कार्य योजना को अमली जामा पहनाने की दिशा में तत्पर है जो नगर और महानगरों को बेहतर विकास की एक साथ कई आधुनिक व्यवस्थाओं से जोड़ेगा।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा मानते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह कार्य योजना प्रदेश को विकास की उन ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी जो विकसित देशों की तरह प्रदेश के नगर और महानगरों में दृष्टिगोचर होगी सदर विधायक ने बताया कि इस कार्य योजना पर बहुत तेजी के साथ काम हो रहा है और ऐसी उम्मीद है कि 5-6 महीना के दौरान यह क्रियान्वित कराई जा सकेगी। उन्होंने बताया कि यह समग्र विकास कई विभागों को एक साथ लेकर कराया जाना है ताकि एक साथ उन विकास कार्यों को सुनियोजित और सुव्यवस्थित तथा दीर्घकालीन समय तक उनकी उपयोगिता को भी लाया जा सकेगा। नाली खरंजा सडक फुटपाथ तथा अन्य ऐसे विकास कार्य जो एक दूसरे के पूरक हैं इन्हें एक साथ कराए जाने से जहां एक और नगरों और महानगरों के परिदृश्य बदलेंगे तो वही आम जनमानस को लंबे समय तक इनका लाभ दिलाया जा सकेगा कुल मिलाकर प्रदेश सरकार की यह विकास कार्य योजना प्रदेश की तस्वीर बदलने वाली महत्वपूर्ण कार्य योजना साबित होगी।

## बालू खनन के लिए आयोजित हुई पर्यावरणीय लोक सुनवाई

**कालपी, जालौन।** कालपी तहसील के हिमनपुरा गांव के प्रस्तावित बालू खनन को लेकर उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में पर्यावरणीय लोक सुनवाई का आयोजन संपन्न हुआ। तहसील कालपी के सभाकक्ष में आयोजित पर्यावरणीय लोक सुनवाई के बारे में उपजिलाधिकारी ने बताया कि जिला जालौन की कालपी तहसील के वेतवा नदी के तटवर्ती हिमनपुरा स्थित गाटा संख्या 240 खंड के प्रस्तावित खनन क्षेत्र में क्षेत्रफल 7 हेक्टेयर पर ( उत्पादन क्षमता 1 लाख 17 हजार घन मीटर) प्रतिवर्ष खनिज बालू, मौरंग खनन प्राप्त खनन परियोजना के प्रस्ताव पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना के तहत सुनवाई की गई। पर्यावरणीय सुनवाई ठेकेदार अमित गुप्ता निवासी इंदिरा नगर लखनऊ के पक्ष में प्रस्तावित खनन क्षेत्र के लिए लोक सुनवाई की गई। इस मौके पर एसडीएम सुशील कुमार सिंह के अलावा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं ने कांशीराम कालोनी में नशाखोरी के खिलाफ मोर्चा खोला



**कालपी, जालौन।** नशाखोरी खत्म कराने के लिये राजयोगिनी एवं योग शिक्षिका रजनी पाल की अगुवाई में नारी समाज के द्वारा प्रयास तेज कर दिए गए हैं। समाजसेवी संस्था ऑपरेशन विजय (बुराइयों के खिलाफ जंग ) की नशा मुक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाकर विशाल मीटिंग का आयोजन किया।

काशीराम कॉलोनी के परिषदीय कम्पोजिट विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रजनी पाल जिला सचिव ने अपने सम्बोधन में कहा कि नारी की लज्जा बचाने हेतु अपने हाथों में चूड़ी व मेहंदी न लगाकर भुजाओं में ताकत भरने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि द्रोपती की लाज बचाने के लिए माधव आये थे। अब माधव नहीं आएंगे। इसलिए हर नारी को अपनी भुजाओं में ताकत भरने की आवश्यकता है। अत: ऐसे समाजसेवी संगठन में अपना साथ देकर नारी की लज्जा बचाई जा सकती है । इसी श्रृंखला में भारी संख्या में समाज सेविकाओं व समाज सेवियों ने ऑपरेशन विजय उदघोष के साथ हूकार भरी। मीटिंग में सरोज देवी, रानी, अनुसूया, बेबी, सुनीता, रजिया, गोरी बाई सुमन, सुनीता, राजकुमारी, आदि नारी शक्तियों ने शामिल हुई।

# रामकथा में सीता स्वयंवर के मार्मिक चित्रण पर श्रोता हुए भाव विभोर

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित आशुतोष त्रिपाठी ने धनुष भंग, सीता स्वयंवर और चारों भाइयों के विवाह का प्रसंग सुनाया। यह प्रसंग सुनकर मौजूद श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्री राम अपने भाई लक्ष्मण के साथ जनकपुर नगर के भ्रमण के लिए निकले। यह जानकर नगरवासी दोनों राजकुमारों को देखने के लिए अपने घरों से निकलकर रास्तों के किनारे खड़े हो गए। सुंदर बालकों को देखकर सभी ने आपस में चर्चा की कि जानकी का विवाह इन राजकुमारों के साथ हो तो अच्छा रहेगा। इससे नगर वासियों को देवरूप दोनों बालकों के दर्शन बार बार होते रहेंगे। माता जानकी भी अपनी सखियों के साथ झरोखों से प्रभू श्रीराम को निहार रही हैं। अगली सुबह जनकपुर की राजकीय वाटिका में माता सीता ने प्रभु श्री राम का दर्शन किया। जिसके बाद मिथिला नगरी में सीता स्वयंवर का आयोजन हुआ। इस स्वयंबर में दुनिया भर के अनेक राजाओं ने भाग लिया, किंतु कोई भी शिव के विशाल धनुष को नहीं उठा सका।

श्री राम ने गुरु की आज्ञा लेकर शिव के धनुष को बड़े ही सहज भाव से तोड़ दिया। प्रभु श्री राम का यह पराक्रम देखकर सभी में हर्ष की लहर दौड़ गई। सीता ने भगवान श्री राम के गले में वरमाला पहनाई और उन्हें जन्म जन्मांतर के लिए पति स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही दशरथ के अन्य पुत्रों का भी विवाह बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कथा व्यास और उनकी मंडली ने मांगलिक गीत सुनाए जिसमें श्रोता जमकर थिरके। श्रोताओं में गोविंद पांडेय, निशांत, राजू पांडेय, भाजपा नेता कैलाश बाजपेई, अनूप पांडेय, मनोज अवस्थी, ज्योती पांडेय, कीर्ति बाजपेई, धनपाल सिंह सहित तमाम महिला व पुरुष भक्त मौजूद रहे।

# एसडीएम ने बगैर प्रपत्र ओवरलोड बालू भरे पांच ट्रकों को पकड़ा

**संवाददाता।** कालपी, जालौन



**रात्रि** प्रहर के दौरान एसडीएम सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम के द्वारा मध्य रात में जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग की सड़क में चेकिंग के दौरान अवैध खनन के ओवरलोड भरे 5 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई है। प्रशासन की इस कार्यवाही से बालू की ओवरलोड तथा अवैध खनन परिवहन करने वाले कारोबारियों में हड़कम्प मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10-11 सितम्बर की रात को एसडीएम तथा कालपी कोतवाल जोल्हूपुर मोड़ कदौरा फोरलेन मार्ग में स्थित जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग में वालू के अवैध परिवहन ,खनन तथा ओवरलोड के खिलाफ चौकिंग कर रहे थे। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 5 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई। उप जिलाधिकारी ने पकड़े गये वाहनों को संबंधित थाना पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा करा दिया गया। चेकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। एसडीएम ने कहा कि आगामी दिनों में भी लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

ज्ञात हो कि पिछले महीने भी अलग-अलग स्थानों से चौकिंग अभियान के दौरान आधा दर्जन से अधिक अवैध बालू परिवहन करने वाले वाहनों को पकड़ कर कार्यवाही की गई थी। उल्लेखनीय हो कि बरसात के कारण 30 जून के बाद से नदियों से खनन का कार्य तीन महीनों के लिए बंद कर दिया गया है। कारोबारियों के द्वारा जगह जगह बालू के डम्प कर दिये गये है। डम्प स्थल से बिना खनिज प्रपत्रों के वालू परिवहन करने में कतिपय लोग शामिल हैं। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के मुताबिक चौकिंग अभियान निरंतर चलाया जाएगा।

# क्रांतिकारी ताईबाई की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जालौन, उरई।** देवनगर चौराहे पर नगर की महिला क्रांतिकारी ताई बाई की प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर बौद्धिक काउंसिल ग्रुप, नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा व संकीर्तन सेवा समिति ने संयुक्त रूप से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जालौन की प्रथम महिला क्रांतिकारी ताई बाई की प्रतिमा देवनगर चौराहे पर लगवाने को लेकर बौद्धिक काउंसिल ग्रुप, नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा व संकीर्तन सेवा समिति द्वारा संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम हेमंत पटेल व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुशील कुमार को सौंपा गया। उक्त संगठनों ने संयुक्त रूप से मांग की है कि देवनगर चौराहे पर जालौन की गौरव प्रथम क्रांतिकारी महिला शासिका ताई बाई की प्रतिमा लगवाई जाए। बताया कि एतिहासिक नगर जालौन की प्रथम महिला शासिका व क्रांतिकारी वीरांगना ताई बाई रहीं। जिन्होंने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों से लोहा लिया। नगर के लिए उन्होंने उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया। नगर की अंतिम शासिका और बिना भय के शासन किये जाने से नगर के लोगों का उनसे बहुत लगाव है। ऐसे में जनता के सम्मान के लिये उनकी प्रतिमा को देव नगर चौराहे पर स्थापित करके उन्हें उचित सम्मान दिलाया जाए।

# 15 हजार मासिक आय, बाइक व फ्रिज वालों को भी मिलेगा पीएम आवास योजना का लाभः बीडीओ

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**सरकार** ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता सूची में बदलाव करते हुए गरीबों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए पात्रता में ढील दी है। अब आवास की नई नीति में 15 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने वाले एवं फ्रिज व बाइक रखने वाले ग्रामीणों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। पात्रता सूची के नए नियमों के प्रचार प्रसार के लिए ग्राम शहजादपुरा में बीडीओ प्रशांत यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

विकास खंड के ग्राम शहजादपुरा में आयोजित हुई बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता सूची में किए गए बदलाव की जानकारी देते हुए बीडीओ प्रशांत यादव ने बताया कि जिस परिवार की आमदनी 15 हजार रुपये प्रतिमाह एवं फ्रिज और बाइक हो तो उन्हें भी योजना का लाभ दिया जा सकता है। अपात्रता की श्रेणी बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे परिवार अपात्रता की श्रेणी में आएंगे जिनके पास चार पहिया वाहन हो या चार पहिया कृषि उपकरण का स्वामी हो। 50 हजार रुपये या इससे ऊपर के किसान क्रेडिट धारक, परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, परिवार का कोई भी सदस्य 15 हजार रुपये से अधिक प्रतिमाह कमाता हो, आयकर चुकाता हो, ढाई एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि का स्वामी हो, ऐसे लोग प्रधानमंत्री आवास आने के लिए अपात्र माने जाएंगे।

बीडीओ प्रशांत यादव, एडीओ पंचायत देवेंद्र कुमार, ग्राम विकास अधिकारी प्रियंका धीरान, प्रधान सरताज खां की उपस्थिति गांव मे खुली बैठक आयोजित कराकर पात्र लाभार्थियों का चयनित करने की प्रक्रिया शुरू की गयी।

ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लिए 1.20 लाख दिए जाते है इसके लिए पात्र लाभार्थियों का चयन खुली बैठक में पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। बीडीओ ने बताया कि बैठक में लाभार्थियों की सूची तैयार की गई। उसी के आधार पर आगे की प्रक्रिया की जाएगी एवं पात्रों को आवास का लाभ दिलाया जाएगा।

